प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 16.11.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनगणना 2027 के दूसरे चरण से पहले आज स्वगणना की सुविधा का किया शुभारम्भ : कहा– प्रदेश के समग्र विकास में अहम भूमिका निभायेगी जनगणना।
2. मथुरा में भाजपा की दो दिवसीय चिंतन बैठक के पहले दिन संगठन से जुड़े मुद्दों पर हुई चर्चा : राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन कल होंगे शामिल।
3. रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने कानपुर–दिल्ली आनंद विहार एक्सप्रेस को वर्चुअली दिखाई हरी झंडी : कहा– आने वाले वक्त में बुलेट ट्रेन से कानपुर के विकास को मिलेगी गति।

और

4. लोक आस्था का महापर्व छठ उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ आज हुआ सम्पन्न : व्रती महिलाओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए रहे व्यापक इंतज़ाम।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में जनगणना 2027 के दूसरे चरण से पहले आज स्वगणना की सुविधा का शुभारम्भ किया। इस सुविधा के तहत 30 नवंबर तक नागरिक आधिकारिक पोर्टल पर अपनी और परिवार की जानकारी दर्ज कर सकेंगे। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि नई जनगणना के माध्यम से समाज के प्रत्येक वर्ग की वास्तविक सामाजिक, आर्थिक और जनसांख्यिकीय स्थिति का पता लगाना जरूरी है। यह जनगणना प्रदेश के समग्र विकास की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि इसके ज़रिए प्रशासन को योजनाओं को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करने में भी मदद मिलेगी।

समाज के तमाम ऐसे अन्य तबके हैं जिसे हम इस बार की जनगणना में काउंट करके शासन की योजना से जोड़ने के लिए और उसके समग्र विकास की आगे की योजना को आगे बढ़ा सकते हैं। सही और सटीक जानकारी देने के लिए देश के सबसे बड़ी आबादी के राज्य से इसकी शुरुआत हो रही है और इसी बात को लेकर के कि हमारे पास सटीक और विश्वसनीय डाटा हो। इस दृष्टि से जनगणना की एक महत्वपूर्ण भूमिका है।

एक दिसंबर से चार जनवरी तक घर–घर जाकर जनसंख्या गणना की जाएगी। जनगणना के दूसरे चरण में प्रत्येक व्यक्ति से धर्म, जाति, शिक्षा, व्यवसाय, मातृभाषा और अन्य जनसांख्यिकीय पहलुओं से जुड़े 40 प्रश्न पूछे जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस महाअभियान की सफलता के लिए प्रशासनिक समन्वय, जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी और आमजन की जागरूकता जरूरी है। जनगणना से जुड़ी किसी भी सहायता के लिए निर्वाचन आयोग की ओर से हेल्पलाइन 1855 भी जारी की गई है।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में योगी की पाती कॉफी टेबल बुक का विमोचन किया। यह कॉफी टेबल बुक मुख्यमंत्री के प्रदेश के 25 करोड़ प्रदेशवासियों के साथ संवाद की यात्रा के 50 से

अधिक सप्ताह पूरे होने के उपलक्ष्य में प्रकाशित की गई है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार की जिम्मेदारी है। योगी की पाती इसी संवेदना, सरोकार और आत्मीय संवाद का माध्यम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि योगी की पाती में युवाओं, विद्यार्थियों, नारी सम्मान, अन्नदाता किसानों, श्रमिकों और समाज के प्रत्येक वर्ग के सरोकारों को स्थान दिया गया है।

समाज के उस हर एक तबके को टच करने का प्रयास किया गया जो तबका इस व्यवस्था का किसी ना किसी रूप में एक महत्वपूर्ण हिस्सा है तो वहीं विरासत और विकास के उस अभिनव प्रयास को जो हमारी असली ताकत है उसको भी हम लोगों ने मजबूती के साथ इस पार्टी के माध्यम से आगे बढ़ाने का प्रयास किया है।

———————

भाजपा की दो दिवसीय चिंतन बैठक आज से मथुरा के परखम में शुरू हो गई। बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी और प्रदेश प्रभारी विनोद तावड़े सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन कल बैठक में शामिल होंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने बताया कि बैठक में आगामी विधानसभा के चुनाव की रणनीति और संगठन से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हो रही है।

हमारे सभी वरिष्ठ नेता एकत्रित हो रहे हैं। 2027 का चुनाव हमारे सामने है। उसकी योजना रचना से चुनाव लड़ेंगे। क्या हमारा मुद्दा होगा? कैसे हम जनता के बीच में जाना है? इन सारे विषयों पर विस्तार से चर्चा होगी।

उधर नई दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर हुई बैठक में प्रदेश में होने वाले आगामी चुनाव की रणनीति, संगठन को जमीनी स्तर पर सक्रिय करने और समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन को लेकर चर्चा हुई। इस बैठक में पूर्व पार्टी अध्यक्ष राहुल गांधी, महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, उत्तर प्रदेश के प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम समेत कई नेता शामिल हुए। कांग्रेस अध्यक्ष ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में उम्मीद जताई कि कांग्रेस पार्टी इंडिया गठबंधन के साथ मिलकर उत्तर प्रदेश की जनता के सामने एक मजबूत विकल्प पेश करेगी।

———————

उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी के 209 प्रत्याशियों की सूची बनाकर केंद्रीय नेतृत्व को भेजे जाने की खबर का पार्टी ने खंडन किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में पार्टी ने कहा कि भाजपा एक अनुशासित और कैडर–आधारित राजनीतिक दल है, जहाँ विधानसभा या किसी अन्य चुनाव में प्रत्याशियों के चयन की एक सुव्यवस्थित, लोकतांत्रिक और संगठनात्मक प्रक्रिया निर्धारित है। पार्टी ने अपने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से भ्रामक समाचारों पर विश्वास न करने की अपील की है।

———————

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

————————

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज कानपुर–दिल्ली आनंद विहार एक्सप्रेस का वर्चुअली हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। इस मौके पर श्री वैष्णव ने कहा कि इस रेल सेवा से प्रदेश में रेल कनेक्टिविटी बेहतर होगी। उन्होंने कहा कि आने वाले वक्त में बुलट ट्रेन से कानपुर के विकास को गति मिलेगी। बाइट....

बुलेट ट्रेन से कानपुर के डेवलपमेंट में एक नया अध्याय चालू होगा। बुलेट ट्रेन का जो नॉर्थ कॉरिडोर है वह दिल्ली से आगरा, कानपुर, वाराणसी, लखनऊ, अयोध्या जी को और आगे पटना, सिलीगुड़ी, गुवाहाटी की तरफ जाएगा। तो इसके आने के बाद में कानपुर से दिल्ली की यात्रा मात्र 1 घंटे 45 मिनट की रह जाएगी।

कानपुर–दिल्ली आनंद विहार एक्सप्रेस कानपुर सेंट्रल से रात आठ बजकर चालीस मिनट पर रवाना होगी और अगली सुबह चार बजकर पचास मिनट पर आनंद विहार टर्मिनल पहुंचेगी। ट्रेन इटावा, हाथरस, अलीगढ़, और गाजियाबाद होते हुए आनंद विहार पहुंचेगी।

————————

अयोध्या धाम से अब माता सीता की जन्मस्थली जनकपुर धाम तक वंदे भारत ट्रेन का संचालन शुरू होने जा रहा है। 23 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नेपाल के प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह के हाथों वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से इस ट्रेन का शुभारंभ प्रस्तावित है। इसको लेकर रेलवे की ओर से तैयारियां तेजी से पूरी की जा रही हैं। इसी क्रम में कल लखनऊ मंडल के डीआरएम ने रेलवे के अधिकारियों के साथ अयोध्या रेलवे स्टेशन का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

————————

लोक आस्था और सूर्योपासना का महापर्व छठ आज उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ सम्पन्न हो गया। राजधानी लखनऊ, गोरखपुर, जौनपुर, समेत अन्य जनपदों में व्रती श्रद्धालुओं ने नदियों के घाटों और जलाशयों पर तड़के ही विधि–विधान से पूजा का समापन किया। प्रयागराज में संगम सहित गंगा और यमुना घाटों पर व्रती महिलाओं की भीड़ नजर आयी। एक रिपोर्ट.....

सूर्य की पहली किरण के साथ ही पानी मे खड़ी व्रती महिलाओं और उनके परिजनों ने सूप में कच्चा दूध लेकर भगवान भाष्कर को अर्घ्य देकर उनसे सुख सौभाग्य और परिवार के लिए प्रार्थना की और आशीष मांगा । इस दौरान व्रती महिलाओं ने सिंदूर दान की परंपरा निभाते हुए एक दूसरे को छठी माँ के आशीर्वाद के रूप में सिंदूर लगाया और प्रसाद ग्रहण कर व्रत का पारण किया। इस दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए व्यापक इंतज़ाम किए गए। प्रवीण मिश्र ,आकाशवाणी समाचार, प्रयागराज।

———————

अयोध्या में कल से शुरू हो रही 14 कोसी परिक्रमा को लेकर एडीजी प्रवीण कुमार ने आज तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि भीड़ प्रबंधन और यातायात व्यवस्था के लिए अलग–अलग जोन बनाए गए हैं। सभी अधिकारी लगातार भ्रमणशील रहकर व्यवस्थाओं की निगरानी करेंगे। परिक्रमा कल रात से शुरू होगी। बाइट.....

चौदह कोसी, पंचकोसी परिक्रमाओं की जो हम लोग तैयारी करते हैं उसी क्रम में आज यहां पर ब्रीफिंग हुआ है और सभी संत समाज के लोगों से लेकर के स्थानीय नागरिक पुलिस प्रशासन सभी के सहयोग से इस कार्यक्रम को अच्छी तरह संपन्न कराएंगे। कैसे लोगों को अधिकतम सुविधा मिले और सुरक्षा को लेकर के हम बेहतर प्रबंध कर सकें इसके एक चुनौती हमेशा रहती है और उस पर कार्य करेंगे।

———————

नगर विकास विभाग ने एकमुश्त समाधान योजना–ओटीएस की समय सीमा एक माह बढ़ा दी है। नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा बताया कि योजना में आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 14 दिसंबर और निर्धारित धनराशि जमा करने की अंतिम तिथि 15 जनवरी 2027 कर दी है।

(समाप्त)